## महत्वपूर्ण एवं खास

### सारंगढ़ में अब 4 दिसंबर को होगा ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में 30 नवंबर को होने वाला विकासखंड युवा उत्सव अब 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से इस युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक लोक नृत्य व लोकगीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य व लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद के क्षेत्र में विधाएं आयोजित किया जाएगा। जिला एवं राज्य स्तर में रॉक बैंड विधा का आयोजन किया जाएगा। इन सभी विधाओं में 110 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस संबंध में खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार से 9977115799 से संपर्क किया जा सकता है।

### चिन्हित गावों में 30 नवंबर को डॉक्टर और उनकी टीम करेंगे इलाज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार के टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 30 नवंबर शनिवार को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बोंदा, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम मौहापाली और फरसवानी तथा बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम बेंदुआ में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फार्मासिष्ट उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू वाहन में वजन, खून की मात्रा हीमोग्लोबिन जांच, बल्ड प्रेशर और श्वास (ऑक्सीमेट्री) जांच सुविधाओं के साथ निशुल्क दवा वितरण व्यवस्था होगी।

### महादेव सट्टा एप के आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति के खरीदी-बिक्री पर रोक

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में महादेव ऑनलाइन सट्टा एप को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। वही सट्टेबाजी के मामले में आरोपियों की करीब 500 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति अटैच कर उनकी पहचान कर ली है। ईडी ने राज्य शासन के राजस्व विभाग से इन अचल संपत्तियों की जानकारी मांगी थी। ईडी द्वारा पटवारी व तहसीलदार के माध्यम से अभनपुर व रायपुर तहसील के अंतर्गत इन अचल संपत्तियों के खसरों को चिन्हित कर कब्जे में लिया गया है और उनकी खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

### विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस होगा 2 घंटे रीशेड्यूल

**रायपुर (आरएनएस)।** गाड़ी संख्या 20829 दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत को दुर्ग से 02.00 घंटे (5.45 बजे से 7.45 बजे ) पुनर्निर्धारित (रीशेड्यूल) किया गया है। 29.11.24 से 04.12.24 तक किया जाएगा । वाल्टेयर डिवीजन के कोमटीपल्ली स्टेशन पर कंस्ट्रक्शन कार्य किया जाएगा।

### आज आएंगे रेल राज्य मंत्री सोमन्ना

**रायपुर (आरएनएस)।** आज दिनांक 29 नवंबर 2024 को रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना का रायपुर आगमन होगा। वह रायपुर से कोरबा जाएंगे। आज दिनांक 29 नवंबर 2024 को 17:40 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन के बाद वे यहां के रेलवे अफसरों से संक्षिप्त चर्चा उपरांत सीधे कोरबा के लिए रवाना हो जाएंगे।

### पत्नी की पीट-पीटकर हत्या, गिरफ्तार

**सूरजपुर-रायपुर (आरएनएस)।** घर में मुर्गा सब्जी नहीं बनाने से नाराज हुए क व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात खडग़वा की बताई जा रही है। चिकन बनाने की बात पर पत्नी ने मना कर दिया था। इसके बाद पति ने उसकी पिटाई की। हालांकि मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। राजपुर थाना क्षेत्र के गांव डुबी बडक़ापारा निवासी भगवान दास सांडिल्य ने चौकी खडग़वां में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि बुधवार शाम को उनके दामाद ने उनकी बेटी पूनम टेकाम को मुर्गा लाकर दिया। इसके बाद पत्नी पूनम ने मुर्गा बनाने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच जमकर बहसबाजी हुई। विवाद अधिक होने पर पति हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह चूल्हे से जलती लकड़ी निकालकर पूनम को पीटने लगा। इस दौरान पूनम की मौके पर ही मौत हो गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मामले की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने हत्या के आरोपी को जल्द पकडऩे के निर्देश दिए। चौकी खडग़वां की पुलिस के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल उर्फ भेंटल सिंह (48) निवासी जगन्नाथपुर खपरापारा चौकी खडग़वां को पकड़ा। पूछताछ पर उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# बलौदाबाजार कांड : चालान पेश, 185 आरोपी, 90 से ज्यादा गवाह, मड़वा सम्मेलन में बना था प्लान

**रायपुर । आरएनएस**



सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान दशहरा मैदान बलौदाबाजार से रैली निकालने और आगजनी, तोडफ़ोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश कर दिया है मामले में 185 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमे भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव भी शामिल हैं। पुलिस ने अपने पेश चालान में कहा है कि, अन्य आरोपियों के बयान और मिले अन्य साक्ष्यों के मुताबिक घटना दिनांक 10 जून 2024 को देवेंद्र यादव प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे।

वे बिन बुलाए आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने मंच में पहुंचने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्हें समाज के लोगों ने मंच में बैठने की अनुमति नहीं दी। वे प्रदर्शनकारियों और समर्थकों के बीच बैठे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को उकसाने का प्रयास किया। चालान में कहा गया है उन्होंने अपने समर्थकों के माध्यम से कहा कि जोरदार आंदोलन करो, जिससे प्रशासन हिल जाए। जरुरत पड़े तो पैसा खर्च करके बढिय़ा प्रदर्शन करना, जो पैसा लगेगा मैं दूंगा। ऐसे आश्वासन के साक्ष्य पुलिस को मिले हैं। इसके आधार पर पुलिस ने उन्हें मामले में आरोपी बनाया है। बहरहाल इस मामले में कोर्ट में सुनवाई जारी है।

**90 से ज्यादा लोग गवाह, मेमोरी कार्ड, वीडियो क्लिप और जब्त मोबाइल भी साक्ष्य**

इस मामले में पुलिस ने अपने चालान में 90 से ज्यादा गवाहों के नाम दर्शाए हैं। इसके अलावा साक्ष्य के रूप में कई वीडियो क्लिप, फोटो, मेमोरी कार्ड, मोबाइल प्रस्तुत किए हैं। बहरहाल इसके आधार पर इस मामले में ट्रायल होना है। कई आरोपियों ने न्यायालय में जमानक याचिका भी दायर की है। पुलिस और प्रशासन द्वारा कराई गई जांच के प्रतिवेदन भी पेश किए हैं। कुछ दस्तावेजों को आगामी दिनों में प्रस्तुत करने की अनुमति न्यायालय से मांगी है।

**2 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को नुकसान**

चालान में पुलिस ने कोर्ट को अवगत कराया है कि प्रशासन ने तय नियमों के अनुरूप केवल प्रदर्शन की अनुमति 10 जून को दशहरा मैदान बलौदाबाजार में दी थी। रैली की अनुमति नहीं थी, इसके बाद भी रैली निकाली गई। 15-16 मई की रात महकोनी गिरौदपुरी गिधौरी में जैतखाम को नुकसान पहुंचाने के विरोध में यह प्रदर्शन प्रस्तावित था। सीबीआई जांच के नाम पर प्रदर्शन की अनुमति ली गई थी। प्रदर्शन के दौरान भीड़ आक्रोशित हुई और रैली की शक्ल में नगर की ओर निकल पड़ी। इस दौरान 134 बाइक, 29 चार पहिया और 1 फायर ब्रिगेड में तोडफ़ोड़ की गई।

## पीएससी-2023 परीक्षा परिणाम घोषित, रविशंकर वर्मा ने किया टॉप

**रायपुर । आरएनएस**

लोक सेवा आयोग ने 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया है। बलौदाबाजार जिले के पलारी क्षेत्र के कोसमंदी निवासी रविशंकर वर्मा ने परीक्षा में टॉप किया है। उनके पिता बालकृष्ण वर्मा किसान हैं। वहीं, माता योगेश्वरी साहू गृहणी हैं। रविशंकर पहले नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करते थे। 2021 में सीजीपीएससी में रोजगार अधिकारी के लिए चयन होने के बाद नोएडा से वापस आ गए। वह अभी कोरिया जिले में प्रशिक्षण ले रहे थे। रविशंकर के बड़े भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। दो बहनें शिक्षिका हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।टॉप-10 सूची में छह पुरुष और चार महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। इस बार टॉप-10 में पांच ओबीसी और पांच सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने जगह बनाई है। विस्तृत जानकारी सीजीपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बता दें विभिन्न विभागों के 17 अलग-अलग सेवाओं के लिए कुल 242 पदों पर भर्ती निकली थी। मुख्य परीक्षा में 3,597 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 24, 25, 26 और 27 जून को लिखित परीक्षा हुई थी, जिसके परिणाम 29 सितंबर 2024 को जारी हुए थे। लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर 703 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ था। 18 से 28 नवंबर तक दो पालियों में साक्षात्कार हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 में हुए सफल अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के कंधे पर छत्तीसगढ़ के विकास की महती जिम्मेदारी है।

## बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**रायगढ़**



जिला न्यायालय के प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं न्यायाधीश/सचिव अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में मैट्रिक शास.कर्म. पुत्र बालक छात्रावास रायगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों/बच्चों को मौलिक आधिकार, बच्चों की शिक्षा का अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, बच्चों के सामाजिक विकास एवं अन्य दायित्व के संबंध में बताते हुए अन्य कानूनी जानकारी जिसके अंतर्गत चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होने की अनिवार्यता पर बल देते हुए बच्चों को जिनकी उम्र 18 साल से कम हो उनका वाहन चालन प्रतिबंधित होने के बारे में भी बताया गया। साथ ही साइबर क्राईम से होने वाले अपराध की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी कम्प्यूटर का अपराध स्थान पर मिलना या कम्प्यूटर से कोई अपराध करना कम्प्यूटर अपराध कहलाता है। किसी की निजी जानकारी कम्प्यूटर से निकाल लेना भी साईबर अपराध है। अन्त में विधिक सहायता एवं सलाह के संबंध में तथा नालसा हेल्प लाईन नं 15100 के विषय में जानकारी दिया गया।

न्यायधीश/सचिव अंकिता मुदलियार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा विधिक सहायता के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा गया कि विधिक सहायता एवं सलाह नि:शुल्क प्राप्त करना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदान किये जाने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता की पात्रता के संबंध में विस्तार से जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों को उनके मामले में नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकने तथा उनके मामले में पृथक अधिवक्ताओं का एक विशेष पैनल होने की भी जानकारी दी गई। शिविर में विद्यार्थियों को बच्चों के प्रति होने वाले अपराध के संबंधित शार्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास के अधीक्षक अनुराग नामदेव एवं राजेन्द्र सिंह सिदार के साथ पैरालीगल वॉलेटियर की भी उपस्थिति रही।

## मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चित दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण मे संपत्ति संबंधी अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से मोटर सायकल चोरों को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त हुई। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि:- दिनांक 27.11.2024 को प्रार्थी हरीश कुमार साहू पिता भोज राम साहू उम्र 31 वर्ष ग्राम टोकरो पोस्ट मानिक चौरी थाना अभनपुर जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी स्काई कार शोरूम भाटा गांव में मैकेनिक का कार्य करता है। दिनांक 24.11.2024 को काम पर शो रूम गया था शाम करीब 6:00 बजे अपनी मोटरसाइकिल प्लैटिना में शोरूम के कर्मचारी कोंदा को पीछे बैठाकर भांठा गांव का बस स्टैंड अपने काम से गया था। पेट्रोल पंप भाटा गांव के सामने कोंदा को छोडक़र अपने घर जाने के लिए निकला था तभी प्रार्थी के मोबाइल में फोन आने से बात करते खड़ा था उसी समय दो अज्ञात लडक़े वहां मोटर सायकल फैशन प्रो वाहन से आए और नाम पता पूछने लगे मैं वहां से चला गया। रात्रि 9:30 से 9:45 बजे वह दोनों लडक़े फिर पीछे से आकर आवाज देते हुए पहुंचे और प्रार्थी से मारपीट करने लगे जिससे प्रार्थी बेहोश हो गया। दोनों लडक़े प्रार्थी के पेंट के जेब में रखे वीवो कंपनी का मोबाइल कीमती 5000 व उसके मोटरसाइकिल वाहन प्लैटिना कीमती 35.000 रुपए जुमला 40000 को चोरी कर ले गए की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 512/2024 धारा 134,303(2),3(5) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी चित्रोत्पला फिल्म सिटी - मुख्यमंत्री साय

- छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात
- चित्रोत्पला फिल्म सिटी से छत्तीसगढ़ी फिल्मों, नाटकों के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- पद्मश्री विभूतियों की सम्मान राशि प्रतिमाह 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 10 हजार रूपए करने की घोषणा

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रूपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनेगी। इसके लिए भारत सरकार ने 147 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में दिए गए अपने सम्बोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार द्वारा फिल्म सिटी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण से छत्तीसगढ़ी फिल्मों, छत्तीसगढ़ी नाटकों को प्रोत्साहन तो मिलेगा ही, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## चोरी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, पुसौर पुलिस की कार्यवाई

**रायगढ़**



पुसौर पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम तेतला स्थित एक किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

घटना की शिकायत ग्राम कोड़ातराई निवासी विकास कुमार गुप्ता ने 22 सितंबर 2024 को पुसौर थाना में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर की रात अपनी दुकान बंद करने के बाद घर लौटे थे। अगली सुबह दुकान पहुंचे तो पाया कि शटर टूटा हुआ है। दुकान से दैनिक उपयोग की वस्तुएं, मिठाइयां, 10,000 रुपये नकद और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू चोरी हो चुके थे। सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते हुए 3-4 संदिग्ध दिखाई दिए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में साइबर सेल और पुसौर पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की। पहले कोमल डनसेना को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में अपने साथियों जैकी खान, सुमित जायसवाल और सतीश यादव का नाम उजागर किया। इन आरोपियों ने बताया कि चोरी की योजना सतीश यादव की कार (नंबर CG 13 C 8295) में ग्राम तेतला आकर बनाई गई थी। चोरी किए गए सामान, जिनकी कुल कीमत करीब रु.30,000 है, को बरामद कर लिया गया था।

फरार आरोपी चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू की तलाश में पुलिस जुटी थी, जिसे 28 नवंबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसके साथ ही इस चोरी के मामले में सभी आरोपी चंद्रकांत निषाद उर्फ बाबू पिता लक्ष्मी प्रसाद निषाद उम्र 28 साल निवासी इंदिरा नगर रायगढ़ अब कानून की गिरफ्त में हैं। पुसौर पुलिस की इस सफलता में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे और उनकी टीम की सूझबूझ ने अहम भूमिका निभाई।

## चोरी की दो बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

**रायगढ़**



कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में बाइक चोरी के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो बाइक बरामद की गई हैं, जो उसने सितंबर में चक्रधर समारोह के दौरान चुराई थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर 2024 को प्रार्ची विहार कालोनी अतरमुड़ा, चक्रधरनगर में रहने वाले प्रेम कुमार बंजारे ने अपनी बजाज सीटी 100 (नंबर CG 13 AG 2730) चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। बाइक 17 सितंबर को रामलीला मैदान में चक्रधर समारोह देखने के दौरान जानकी होटल के सामने से चोरी हुई थी। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 644/2024 के तहत धारा 303(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम एवं साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में टीम ने मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम खम्हार निवासी प्रकाश मिरधा को हिरासत में लिया, जो वर्तमान में पालीघाट धान मंडी में काम कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने दो बाइक चुराने की बात कबूली और उन्हें सारंगढ़ बस स्टैंड के पास झाड़ियों में छिपाकर रखने की जानकारी दी।

आरोपी की निशानदेही पर बजाज सीटी 100 और एक अन्य बाइक (गैमलर, नंबर CG 13 J 1007) बरामद कर ली गई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, महिला प्रधान आरक्षक राजश्री वैष्णव और साइबर सेल के स्टाफ की अहम भूमिका रही।

## चलित थाना: पूछापारा में कोतवाली टीआई सुखनंदन पटेल ने दी अपराधों से बचाव की जानकारी, साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने का संदेश

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में आज कोतवाली पुलिस ने पूछापारा सामुदायिक भवन में चलित थाना का आयोजन किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में वार्डवासियों को नशे और अपराध से दूर रहने के साथ-साथ साइबर अपराधों से सतर्क रहने के उपाय बताए गए।

थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए वार्डवासियों से अपील की कि वे समाज में नशामुक्ति के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही, उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों जैसे ओटीपी फ्रॉड, फर्जी लॉटरी, और फिशिंग कॉल से बचने के टिप्स साझा किए। वार्डवासियों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात की। उन्होंने अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी, जिससे महिलाएं संकट के समय में पुलिस से तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

चलित थाना में वार्ड पार्षद, गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे और अन्य स्टाफ मौजूद रहे। चलित थाना का उद्देश्य पुलिस और समुदाय के बीच संवाद बढ़ाना और लोगों को अपराध से बचने के उपायों की जानकारी देना है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU